Experts' Institute
8-D, Kutchery Road Prayagraj. Ph:9415368884
JAVA Comp. Applications
Python Robotics & AI

St. Mary's Convent Inter College, Prayagraj
First Unit Assessment –2024-25

Time :1hr. Class- 9 M.M. : 30

Hindi

Name : .... Roll No. ....Date : ....

इस प्रश्न पत्र में दो खंड दिए गए हैं- खंड(क), खंड(ख)। प्रत्येक खंड को करना अनिवार्य है।

खंड-क (10 Marks)

प्रश्न-1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए -

(i) निम्नलिखित शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- [2]

1) दया

(ii) निम्नलिखित मुहावरों से वाक्य बनाइए- [2]

1) उंगली उठाना 2) आँख लगना

(iii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- [2]

1) आदि 2) दानी

(iv) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए- [2]

1) अनुकुल 2) बारात

(v) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्य में परिवर्तन कीजिए [2]

1) वह इस बात से दुखी है। ('उसे' से वाक्य शुरू कीजिए)।

2) मुसाफिर धर्मशाला में विश्राम करते हैं। (भूतकाल में बदलिए)।

EXPERTS' INSTITUTE

खंड-ख (20 Marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए – साहित्य सागर (संक्षिप्त कहानियाँ)

प्रश्न-2) "वह सोचता, "यहाँ इतने सालों से हूँ। अमीर लोग नौकरों पर विश्वास नहीं करते पर मुझपर यहाँ कभी किसी ने संदेह नहीं किया। यहाँ से जाऊँ तो शायद कोई ग्यारह-बारह दे दे, पर ऐसा आदर नहीं मिलेगा।" [5]

(i) रसीला बार-बार किससे, कौन-सी और क्या प्रार्थना करता था?
(ii) तनख्वाह न बढ़ाने के बावजूद रसीला नौकरी क्यों नहीं छोड़ना चाहता था?

प्रश्न-3) "भैया गुनाह का फल मिलेगा या नहीं, यह तो भगवान जाने, पर ऐसी कमाई से कोठियों में रहते हैं, और एक हम हैं कि परिश्रम करने पर भी हाथ में कुछ नहीं रहता।" [5]

(i) यहाँ पर किस गुनाह की बात की जा रही है?
(ii) उपर्युक्त कथन रमजान ने रसीला से क्यों कहा?

एकांकी संचय

प्रश्न-4) "हाँ, बहुत भोली, माता जी! बहुत प्यारी । जो एक बार देख लेता है, वह फिर उस रूप को नहीं भुला सकता ।बार बार देखने को मन करता है।" [5]

(i) इन शब्दों में किसके द्वारा, किसके रूप की प्रशंसा, किन शब्दों में की गई है? उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।
(ii) इन शब्दों को सुनकर माँ क्यों चौंक पड़ी? उनके मन में कौन सा प्रश्न उठा?

प्रश्न-5) "जिन बातों का हम प्राण देकर भी विरोध करने को तैयार रहते हैं। एक समय आता है,जब चाहे किसी कारण से भी हो हम उन्हीं बातों को चुपचाप स्वीकार कर लेते हैं।" [5]

(i) अविनाश का अपने परिवार वालों से किस बात पर विरोध था?

(ii) माँ की मनोवृत्ति बदलने में अतुल और उमा ने क्या भूमिका निभाई?

EXPERTS' INSTITUTE